हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी 2026

04 मनुष्य जैसा कर्म करता, उसे वैसा फल भोगना...

07 जिले भर में हुआ सूर्य नमस्कार







## समाचार संक्षेप

### श्रद्धालु महंगे जूते पहनकर मंदिर पर न आएं: अग्रवाल

**गुना।** टेकरी से शिक्षक के जूते चोरी की घटना अब तूल पकड़ती जा रही है ।कुछ लोग इसको हंसी मजाक का जरिया बना रहे हैं तो कुछ लोग सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं।



इस बीच टेकरी ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल का एक बयान जारी हुआ है जिसमें उन्होंने इस घटना को लेकर खेद जताते हुए पुलिस से अपील की है कि शिक्षक के जूतों को तलाश कर शीघ्र उन्हें सौंप दिया जाए वहीं अन्य श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह टेकरी सरकार के दरबार में माथा टेकने आएं तो इतने महंगे जूते पहन कर ना आएं ।इतना ही नहीं उन्होंने जैन समाज का उदाहरण देते हुए कहा है कि जिस तरह से जैन समाज के लोग नंगे पैर मंदिर जाते हैं वैसे ही हमें भी अपने मंदिरों पर नंगे पर जाना चाहिए जिससे हमारी आस्था, श्रद्धा और ज्यादा मजबूत होगी। फिलहाल यह तो जरूर देखने को मिल रहा है कि कैसे एक मामूली सी घटना को तिल का ताड़ बना दिया जाता है और अनावश्यक रूप से धार्मिक स्थल को टारगेट करने के लिए तैयार टीम सक्रिय हो जाती है। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है जब किसी स्थल से किसी व्यक्ति के जूते चोरी हुए हों ।कई बार गफलत में भी लोग किसी दूसरे के जूते चप्पल पहन जाते हैं इसका मतलब वह धार्मिक स्थल इसके लिए जिम्मेदार कैसे माना जा सकता है।

### शिव शक्ति महिला मंडल ने मनाया मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस, संस्कृति और एकता का संदेश दिया



**गुना।** शिव शक्ति महिला मंडल के द्वारा मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। संस्थापक सपना शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी भाग लिया और बाबा श्याम व हनुमान जी के भजन प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ गया।कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक वेशभूषा में भाग लेकर "विविधता में एकता" का संदेश दिया। नीति भार्गव ने मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस से संबंधित प्रश्नोत्तरी और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया।इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें नीति भार्गव को अध्यक्ष और शिल्पा शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और स्वादिष्ट व्यंजनों व आकर्षक उपहारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।सदस्य सीमा यादव ने कहा कि महिलाओं को अपने सखी-सहेलियों के साथ समय बिताना चाहिए क्योंकि दोस्ती जीवन का सबसे बड़ा टॉनिक है। अंत में, नीरज अवस्थी और संध्या शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### नपा द्वारा वार्डों में विशेष वसूली शिविर का किया जाएगा आयोजन

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पूर्व वार्डों में संपत्ति कर एवं जलकर वसूली हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । स दौरान पहला शिविर वार्ड क्रमांक एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नानाखेड़ी में लगाया जाएगा , जहां वार्ड क्रमांक एक के नागरिक अपना भूमि भवन किराया, संपत्ति कर, जल कर आदि जमा कर सकते हैं, तथा नल कनेक्शन एवं स्ट्रीट लाइट आदि की शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व नागरिकों की सुविधा हेतु प्रत्येक वार्ड में विशेष वसूली शिविर एवं जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें ,पेयजल से सम्बधित जल सुनवाई भी की जायेगी, तथा संपत्ति कर, एवं जलकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने शहर विकास हित में अधिक से अधिक नगर पालिका से संबंधित करों को जमा करने की अपील की है।

### मांगों को लेकर एनएसयूआई का तात्या टोपे यूनिवर्सिटी में उग्र प्रदर्शन, पुलिस से धक्कामुक्की के बाद कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन




**गुना।** कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में सोमवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ धक्कामुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु डॉ. किशन यादव को ज्ञापन सौंपते हुए स्थायी भवन निर्माण, पुस्तकालय में सभी विषयों की पुस्तकें, मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना, फीस निर्धारण और बस किराए में छूट जैसी मांगें रखीं। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर वे प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे।

## हाईवे पर हादसा: ट्रक क्लीनर बेटे और ड्राइवर पिता के पैर टूटे

**नेशनल हाईवे-46 पर म्याना थाना क्षेत्र के डुंगासरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से खड़े ट्रक में मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नेशनल हाईवे-46 पर म्याना थाना क्षेत्र के डुंगासरा गांव के पास रविवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हो गया। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ट्रक का अगला हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर के रूप में काम कर रहे पिता-पुत्र के पैर बुरी तरह कुचल गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के रहने वाले 47 वर्षीय कुद्दूस खान और उनका बेटा अरमान खान शनिवार को महाराष्ट्र से ट्रक लेकर निकले थे। कुद्दूस स्वयं गाड़ी चला रहा था और बेटा अरमान क्लीनर की जिम्मेदारी संभाल रहा था। रविवार रात करीब 9



बजे जब उनका ट्रक डुंगासरा गांव के पास पहुंचा, तो कुद्दूस संतुलन खो बैठा और हाईवे पर पहले से खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि केबिन पूरी तरह पिचक गया और दोनों पिता-पुत्र उसी मलबे में फंसकर रह गए।राहगीरों की सूचना पर म्याना पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुंची।

ट्रक की हालत देख अंदाजा लगाया जा सकता था कि केबिन के भीतर फंसे लोगों की स्थिति क्या होगी। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद लोहे को काटकर दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।पिता-पुत्र की हालत गंभीर, पैरों में मल्टीपल फ्रैक्चरचिकित्सकों के अनुसार, इस हादसे में क्लीनर बेटे अरमान के दोनों पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गए हैं, वहीं पिता कुद्दूस का भी एक पैर टूट गया है। पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकले पिता-पुत्र अब अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

## एक साथ छात्रों व अधिकारियों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना के खेल प्रांगण में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना रहा। दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन से हुआ शुभारंभकार्यक्रम की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ।

#### विवेकानंद के विचारों से युवाओं को प्रेरणा

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी वाक्य"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो"का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही शिकागो धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण के अंश सुनाकर युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी उपस्थितजनों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं से स्वास्थ्य, योग, अनुशासन और देश के प्रति कर्तव्य भावना अपनाने का आह्वान किया।

#### एक हजार विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

निर्धारित समय पर एक संकेत के साथ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।

#### जिलेभर में हुए आयोजन

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संपूर्ण गुना जिला योग की शक्ति और युवा ऊर्जा से सराबोर नजर आया। जिला मुख्यालय सहित जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं पंचायतों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

#### गणमान्यजनों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं प्रशासनिक समन्वय के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सकतपुर रोड स्थित साईं कॉलोनी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 18 वर्षीय युवक छोटू उर्फ सौरभ लोधा ने अपने ही घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छोटू उर्फ सौरभ लोधा पुत्र घासीलाल लोधा, मूल निवासी धरावला था और वर्तमान में साईं कॉलोनी, सकतपुर रोड, गुना में रह रहा था।प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ स्मृति पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था और पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं।घटना के बाद से परिवार में शोक का माहौल है।

## कायस्थ महासभा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मध्य भारत जिला गुना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती चित्रगुप्त मंदिर परिसर के स्वामी विवेकानंद सभागार में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से हुई।कार्यक्रम में युवाओं का सम्मान किया गया, जिनमें राहुल श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, अमन सक्सेना और रमन सक्सेना शामिल थे। वरिष्ठ पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, आत्मबल, सेवा, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ, मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. श्रीवास्तव और विशेष अतिथि डॉ. गजेंद्र श्रीवास्तव, पंकज सक्सेना, महेश श्रीवास्तव थे। मंच संचालन असीम भटनागर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण और "कायस्थ एकता जिंदाबाद" एवं भगवान श्री चित्रगुप्त के जयकारों के साथ हुआ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में स्वतंत्रता पार्क में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया

**गुना।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति ,महिला पतंजलि योग समिति ,युवा भारत ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जयंती का युवा दिवस के रूप में स्वतंत्रता पार्क में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, योग साधकों,एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, महिला पतंजलि समिति राज्य प्रभारीश्री मति सुधा त्रिवेदी हरसिंह यादव, सह राज्य युवा प्रभारी वीरेंदर धाकड़, युवा प्रभारी योगाचार्य महेश पाल द्वारा माल्यार्पण कर एवं उनके विचारों के स्मरण के साथ किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास योगाचार्य महेश पाल द्वारा कराया गया और योग के महत्व, अनुशासन एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। योगाचार्य महेश पाल द्वारा सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक, शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला गया तथा इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महिला पतंजलि की जिला प्रभारी सीमा शर्मा, तहसील प्रभारी रानी शर्मा ,महामंत्री हेमा छतरी ,आशा रघुवंशी हरिओम राठौर,महावीर सिंह तोमर, नरोत्तम, प्रेम चंद्र करोलिया, आसा रघुवंशी, हेमा क्षत्रिय सहित बहुत अधिक संख्या में योग साधक भाई बहन उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना एवं स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### समय-सीमा मामलों की समीक्षा, 26 जनवरी की तैयारियों पर विशेष जोर

## स्वस्थ जीवन, उद्देश्यपूर्ण कार्य और नवाचार पर कलेक्टर का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वस्थ रहना सबसे आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही अपने कार्यों के माध्यम से समाज और प्रशासन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन चाहे छोटा हो, लेकिन उसमें उद्देश्य होना चाहिए और ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जिससे दूसरों के जीवन में खुशी और मुस्कान आए।

यह बात कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने समय-सीमा बैठक कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टरी अखिलेश जैन, एएसपी मानसिंह ठाकुर सहित जिले के समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

बैठक की में कलेक्टर कन्याल ने आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नवाचार के तहत राजस्व विभाग, जेल विभाग, नगरपालिका सहित अन्य विभागों



द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर एक बड़ा आकर्षक गुब्बारा भी लगाया जाएगा। गणतंत्र दिवस आयोजन को गरिमामय एवं भव्य बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

#### युवाओं की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए

बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवाओं की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।

साथ ही कॉलेज के प्रथम वर्ष के उन विद्यार्थियों की भी सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं।

#### गुना जिले के गुलाबों को प्रथम पुरस्कार प्राप्त

बैठक के दौरान हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय फ्लावर प्रदर्शनी में गुना जिले के गुलाबों को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। बैठक समापन पर कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

**समाचार संक्षेप**

### विवेकानंद की जयंती पर हुआ सूर्य नमस्कार, सेंटजॉर्ज विद्यालय में युवा दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिता

**आरोन।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्थानीय सेंटजॉर्ज हायर सेकंडरी स्कूल सामूहिक सूर्यनमस्कार किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। सामूहिक सूर्यनमस्कार का नेतृत्व विद्यालय की छात्राओं ने किया जिसका अनुसरण करते हुए अन्य छात्रों ने सूर्यनमस्कार की सभी आसनों को क्रमबद्ध तरीके से दोहराया। इसके उपरांत विद्यालय द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता खों-खों का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक केशव यादव द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस और यलो हाउस की टीमों ने भाग लिया। छात्रों की टीम में यलो और ब्लु हाउस ने फाइनल मैच जीता।जबकि छात्राओं की रेड हॉउसटीम ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हांसिल की,जिसमें रेड हाउस की खिलाडी पूजा धाकड़ ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।खेल प्रतयोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक प्रदीप सैनी के मार्गदर्शन में हुआ।वहीं सभी मैचों में विद्यालय के शिक्षक मुकुल शर्मा ने अपनी कमेंट्री से प्रतियोगिता को और भी मनोरंजक बना दिया।ज्ञात हो स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी शैक्षिणिक संस्थाओं में सूर्यनमस्कार करने और राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के निर्देश दिए थे।ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके एवं सभी छात्र -छात्राएं स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाते हुए एक स्वस्थ भारत और योग्य भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।





### स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आरोन में सार्वजनिक सूर्य नमस्कार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**आरोन।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर संस्था प्राचार्य विश्ववीर सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में सार्वजनिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक महोदय संतोष धाकड़, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद रघुवंशी, शासकीय कन्या विद्यालय की प्राचार्य देवेश बाथम एवं कन्या संकुल प्राचार्य नंदलाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए सूर्य नमस्कार किया और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। आयोजन में शासकीय कन्या विद्यालय आरोन एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सुनील जैन द्वारा व्यक्त किया गया।



## गीता स्वाध्याय का कार्यक्रम हुआ संपन्न

# मनुष्य जैसा कर्म करता, उसे वैसा फल भोगना पड़ता है : रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मनुष्य जैसा कर्म करता है उसे वैसा फल भोगना पड़ता है। मनुष्य को सदैव सात्विक विचार रखना चाहिए जिस ज्ञान से सब जगह परमात्मा की अनुभूति हो वह ज्ञान सात्विक होता है, उपरोक्त विचार साकेत रघुवंशी ने कपिध्वज पुरम म सुदामा कालोनी में स्थित रामबाण हनुमान मंदिर पर हुये स्वाध्याय में व्यक्त किए।






सर्वप्रथम गीताजी का पूजन पंडित सुरेश भार्गव ने किया जिसे अंकित पाण्डेय ने संपन्न कराया। गीता स्वाध्याय गीत गणेश गौरी गुरु वंदना केशव बैरागी ने कराई। रामायण की चौपाइयों, गीताजी के अठारहवें अध्याय के बारह से लेकर बाईसवे श्लोकों तक का स्वाध्याय गीता महात्म्य के श्लोकों का पाठ पंडित अंकित पाण्डेय ने कराया। सुभाषित में श्रीमती रेखा पाण्डेय ने कहा कि प्रत्येक कार्य को करने से पहले भगवान का स्मरण अवश्य करना चाहिए भगवान उस काम को अवश्य निर्विघ्न संपन्न कराते हैं। अमृत वचन में केशव बैरागी ने बताया कि मानव को बहुजन हिताय बहुजन सुखायको ध्यान में रखकर काम करना चाहिए प्रेरक प्रसंग में पंडित सुरेश भार्गव ने कहा कि जो वस्तु जिसके लिए बनी है वही व्यक्ति उसका उपभोग कर सकता है यह बात उन्होंने एक दृष्टांत के माध्यम से समझाई। गीता भजन क्यों व्यर्थ समय बर्बाद करें आओ हम मिल स्वाध्याय करें सुनाया जिसका सभी ने आनुगायन किया।

स्वाध्याय में कुसुम भार्गव, किरण शर्मा, श्रीमती सविता ओझा, चन्द्रवती ओझा, मुन्नी बाई, श्रीमती जमुना बाई, प्रीति राठौर, शिवानी झा, शिवांश रघुवंशी, नवनीत, कार्तिक,, अंशिका,, विष्णु प्रसाद भार्गव, जगदीश प्रसाद पुष्पध,विनय राठौर,नमन, संजय झा सहित नियमित स्वाध्यायियों ने सहभागिता की। अगला स्वाध्याय दिनांक 17/01/26 शनिवार को दोपहर चार बजे शिव मंदिर टंकी के पास फिट इंडिया जिम के समीप होगा। यजमान संजय झा ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है इस बार गीताजी के अठारहवें अध्याय के तेईस से लेकर तैंतीसवें श्लोकों तक का स्वाध्याय किया जायेगा।

### अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप बैंकॉक थाईलैंड में ललित ने जीते सिल्वर, ब्रांउज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

थाईलैंड ओपन मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप 2026 में जो कि 9 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक बैंकाक थाईलैंड मेंआयोजित हुई। इस ओपन चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में लगभग 10 देश के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इन देशों में सिंगापुर, भारत, नेपाल ,थाईलैंड, इंडोनेशिया,मलेशिया, ईरान ,वर्मा एवं जापान के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए, इस अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समस्त दौड़, कूद एवं फेंक प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। लगभग 36 एथलेटिक्स इवेंट्स में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया ,ज्ञात हो कि भारतीय दल में विभिन्न राज्यों से 30 एथलीटों ने हिस्सा लिया, यह भारतीय दल भारत से 7 जनवरी को दिल्ली से बैंकॉक थाईलैंड पहुँचा। गुना मध्य प्रदेश से ललित वास्त्री ने भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए ललित वास्त्री ने 100 मीटर दौड़, पुरुष वर्ग 40 प्लस वर्ग से ऊपर में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक, 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक, लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार से अतिरिक्त इवेंट्स 100 ×4 रिले रेस में, द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त कर विदेश की धरती पर दो सिल्वर मेडल एवं , दो ब्राउंस मेडल प्राप्त कर न केवल गुना जिले का अपितु प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि ललित वास्त्री उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना ने अभी हाल ही में बिहार में संपन्न मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज की टीम के सदस्य रूप में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज चैंपियनशिप की लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। ललित वास्त्री राघौगढ़ नगर की खेल प्रतिभा हैं। उनकी इस सफलता पर राघौगढ़ नगर गौरव का अनुभव करता है। समस्त विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों सभी साथियों ने एवं भारत के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की।




### सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ उत्कृष्ट विद्यालय राघौगढ़ में मनाया गया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में स्वामी विवेकानंद का जन्मोत्सव युवा दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकोल का पालन करते हुए कार्य क्रम आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया।प्रातः 9.30 से 10. 30 तक राष्ट्र गीत, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी एवं मुख्यमंत्री जी का संदेश सुनाया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में सभी विद्यार्थियों व अतिथि गणों ने सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ समाज सेवी राजेन्द्र कुमार वास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप राजेन्द्र सिंह चौहान बी आर सी सी राघौगढ़ एवं पल्लवी पाराशर प्राचार्य आई टी आई राघोगढ़ उपस्थित रहीं। योग प्रशिक्षक उज्ज्वल श्रीवास्तव ने सभी को विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। पं. कैलाश नारायण भारद्वाज साधू का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। समारोह में समस्त विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चन्द्र आर्य ने एवं संचालन अमित शर्मा ने किया।



# निकाली कलशयात्रा, नगर की 3 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन किए गए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

सोमवार को तीन बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या बस्ती में मंचासिन महंत नरेंद्र भारती महाराज महंत भगवान दास महाराज मातृ शक्ति बहन दुर्गेश एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर के प्रशिद्ध भजन गायक नीरज शास्त्री ने अपने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दीमंचस्थ परिचय नीरज शर्मा ने किया एवं आभार व्यक्त व प्रतिवेदन वाचन शिवेंद्र रघुवंशी ने किया।

वही केशव बस्ती में कार्यक्रम का प्रारम्भ दास हनुमान मंदिर से लेकर गोस्वामी उत्सव वाटिका तक कलश यात्रा से किया गया । सम्मेलन में मंचासिन महंत श्री 108 सन्त दास जी महाराज रामदयाल जी शास्त्री मातृ शक्ति से कीर्ति सेन शिक्षिका एवं मुख्य वक्ता हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त युवा कार्य प्रमुख केशव शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आभार एंव अतिथि परिचय लोकेश शर्मा द्वारा किया गया । प्रतिवेदन सन्तोष भार्गव द्वारा वाचन किया।



नगर की एक ओर बस्ती महर्षि बाल्मीकि बस्ती में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ रुद्राष्टाध्यायी का पाठ बालकृष्ण शास्त्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंचासिन मुख्य अतिथि गाडरवाड़ा धाम पीठाधीश्वर महाराज दीपक पारीक बालकृष्ण शास्त्री फूल सिंह कुशवाह ,मातृ शक्ति से पूजा शर्मा सहायक प्राध्यापक आरोन एवं मुख्य वक्ता ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ रहे। मंच संचालन विकास शर्मा एवं मंचस्थ परिचय तथा प्रतिवेदन, आभार व्यक्त मनोज शर्मा द्वारा किया गया।

तीनों स्थानों पर कार्यक्रम का शुभारंभ गो पूजन तुलसी पूजन एवं भारत माता पूजन के साथ समरस हवन में आहुति देकर किया गया । तीनो स्थानों पर हजारो की संख्या में हिन्दू समाज उपस्थित रही। हजारों की संख्या में हिन्दू समाज ने भोजन ग्रहण किये।

# सीएम राइस विद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अशोकनगर जिले के सीएम राइस विद्यालय में भव्य मंचीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर आधारित प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री दिव्यांश बक्शी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्क्रीन समय से सक्रियता की ओर अभियान पोस्ट का विमोचन भी किया गया। अपने संबोधन में बक्शी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के महान प्रेरणा स्रोत हैं। वे युवाओं को आत्मविश्वासी, ऊर्जावान और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनाना चाहते थे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएँ एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक में प्रदेश भर के प्रतिनिधि शामिल हुए

अशोकनगर। भारतीय प्राईवेट ट्रांस्पोर्ट मजदूर महासंघ की अखिल भारतीय 2 दिवसीय बैठक पुणे में आयोजित की गई। जिस में देश भर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अशोकनगर जिले से प्रदेश महामंत्री हैरी रघुवंशी भी शामिल हुए। इस बैठक के मुख्य अतिथि रविन्द हिम्मते ने बताया कि मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल भारत सरकार के श्रम मंत्री से मिला था और वाहन चालकों की समस्याओं के लिए चालक बोर्ड का गठन किए जाने की मांग की थी। कार्यसमिति में निर्णय लिया गया कि 16 अप्रैल का देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अशोकनगर जिले की समस्याओं को भी हैरी रघुवंशी द्वारा कार्यसमिति की बैठक में रखा गया। बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा चालक, परिचालक की महापंचायत बुलाकर बोर्ड का गठन करने की घोषणा की थी। जिसका क्रियान्वयन आज तक नहीं हुआ है। उक्त कार्यसमिति में मांग रखी गई कि चालक परिचालक कल्याण बोर्ड का क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाए। सामाजिक सुरक्षा एवं न्यूनतम वैज कोड चालक, परिचालकों को प्रदान किए जाएं, कर्मचारियों के वेतनमान में जिस तरह वृद्धि हो रही है उस तरह वाहनों के किराए में भी वृद्धि की जाए। सरकार द्वारा ऑटो, टेम्पू आदि के लिए 5 वर्ष का परमिट निर्धारित किया गया है क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों द्वारा उसे 4 माह का कर दिया गया है जो नियमों के विपरीत है। इस तरह से कईं प्रकार की मांग बैठक में रखी गईं।




# दो दुकानों के शटर तोड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर जिले के बड़े गांव कदवाया, जहां पुलिस थाना भी स्थित है, वहां रविवार की रात दरम्यान अज्ञात चोरों द्वारा दो दुकानों के शटर तोड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके, लेकिन सुबह दुकानों के शटर पर तोड़फोड़ के निशान मिलने से दुकानदारों में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार चोरों ने दुकानों के शटर में लोहे की बलियोंसे ताला तोड़ने का प्रयास किया। इनमें से एक दुकानदार गहौरा ग्राम का निवासी शैलेन्द्र लोधी की कपड़े की दुकान रखी है और दूसरी दुकान भी कपड़े की बताई जा रही है। सुबह जब दुकानदारों ने शटर पर नुकसान के निशान देखे तो तत्काल कदवाया थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

कदवाया थाना पुलिस के प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी एवं आरक्षक धर्मेंद्र दाँगी का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और क्षेत्र में अब और अधिक सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी नज़र रखी जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पास के ही गांव ईदौर में एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन घटनाओं के बाद से क्षेत्र में किसी सक्रिय चोर गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है।



# महाविद्यालय में 15 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

महाविद्यालय में 15 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का आज समापन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में आयोजित हो रहा था।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में सुंदरता का भी अपना योगदान है। एक अच्छे करियर के साथ सलीके से किसी के सामने प्रस्तुत होना भी हमारे व्यक्तित्व की विशेषता होती है। इस अवसर पर डॉ. रेनू राजेश ने छात्राओं को कोर्स संपन्न होने की बधाई देते हुए, उन्हें इस क्षेत्र में करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विवेकानंद प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में 60 छात्राओं ने पंजीयन कराया था ।जिसमें 15 दिवस छात्राएं उत्साह के साथ ब्यूटी संबंधी सभी कार्य सीख रही थी।

डॉ भार्गव ने कहा कि यह इस वर्ष का द्वितीय प्रशिक्षण है पूर्व में इस तरह का एक प्रशिक्षण कंप्यूटर कौशल को लेकर किया गया था। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लाभ हेतु आयोजित होते रहेंगे।प्रशिक्षण देने के लिए प्रांजल ब्यूटी पार्लर एवं केयर की ब्यूटीशियन प्रांजल तिवारी छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान कर रही थी। कुछ छात्राओं ने अपने विचार रखते हुए कहां की उन्होंने करियर संबंधी महत्वपूर्ण बारीकियों को भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीखा तथा किस तरह क्लाइंट को मेकअप द्वारा खुश करना है। तथा उन्हें किस तरह से ब्यूटी संबंधी जानकारियां प्रदान करनी है। यह सभी जानकारी हमें प्राप्त हुई।

# 16 को जिस दिन चढ़ेगी मंदिर की ध्वजा उसी मेरु तेरस को मोक्ष गए थे भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शहर के सुराना चैराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में 14वें पाटोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी 16 जनवरी को मंदिर का ध्वजारोहण (ध्वजा महोत्सव) है और संयोग से उसी दिन पवित्र मेरु तेरस का पर्व भी है। सोमवार को धर्मसभा में साध्वीत्रय ने श्रद्धालुओं को इस संयोग का महत्व समझाया साध्वी जी ने कहा कि 16 तारीख को मेरु तेरस है, इस दिन का प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से क्या गहरा सम्बन्ध है, विदित हो कि मेरु तेरस (माघ कृष्ण त्रयोदशी) ही वह पावन दिन है, जब भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) ने अष्टापद पर्वत से निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त किया था।

**आदिनाथ ने सिखाया असि-मसि-कृषि का विज्ञान** उन्होंने भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस युग में मानव समाज जीवन जीने की कला से अनजान था, उस समय आदिनाथ प्रभु ने असि (रक्षा), मसि (लेखन/व्यापार) और कृषि (खेती) का ज्ञान देकर समाज को आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने पुरुषों को 72 और महिलाओं को 64 कलाओं में निपुण बनाया।



**बेटा बाद में, माँ पहले गई मोक्ष** साध्वी वृंद ने मरुदेवी माता के जीवन का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यद्यपि आदिनाथ भगवान तीर्थंकर थे, लेकिन इस काल में मोक्ष जाने वाली पहली आत्मा उनकी माता मरुदेवी बनीं। उन्होंने हाथी के हौदे पर बैठे-बैठे ही अपने पुत्र के वैभव को देखकर मोह का क्षय किया और मोक्ष प्राप्त किया। साध्वी जी ने सूत्र दिया कि मोक्ष मोह $ क्षय। जहाँ मोह का नाश होता है, वहीं मोक्ष घटित होता है।

**दान में भाव प्रधान शालिभद्र का दृष्टांत** धर्मसभा में साध्वी जी ने शालिभद्र के पूर्व भव (संगम ग्वाला) का उदाहरण देते हुए दान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि संगम ने मात्र श्खीरश का दान दिया था, लेकिन उसके भाव इतने ऊंचे थे कि वह अगले भव में शालिभद्र जैसा महाधनवान बना। उन्होंने पुण्यानुबंधी (मोक्ष ले जाने वाला) और पापानुबंधी (भोग में फंसाने वाला) पुण्य का भेद भी समझाया। साध्वी श्री ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को जीवन जीने की दिशा देते हुए संगत और सत्संग का भेद समझाया। उन्होंने कहा कि दुष्ट की संगत पतन की ओर ले जाती है, जबकि संतों का सत्संग जीवन को तार देता है।

**सुख देव-गुरु की कृपा है** कर्म सिद्धांत पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में यदि सुख और मंगल है, तो वह देव-गुरु पसाय (देव और गुरु की कृपा) का फल है। और यदि जीवन में दुःख या पश्चाताप है, तो वह हमारे स्वयं के अशुभ कर्मों का परिणाम है।

### नाबालिग बालिका को महज 1 घंटे में किया बरामद

अशोकनगर। थाना प्रभारी चंदेरी निरिक्षक प्रशांत यादव द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को महज 01 घंटे में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना चंदेरी अंतर्गत फरियादी द्वारा अपनी 15 बर्षिय नाबालिक बालिका के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट पर से थाना चंदेरी मे अपराध क्रंमाक 29/2026 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना प्रभारी चंदेरी को त्वरित कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा टीम गठित कर तकनीकी संसाधनों के आधार पर नाबालिक बालिका को मात्र 01 घण्टे में दस्तयाब किया गया।

### राजपुर के हायर सेकंडरी स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ



राजपुर। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में सामूहिक सूर्य नमस्कार स्वामी विवेकानंद जी का 163वां जन्म दिवस मनाया गया। इसके पश्चात गांव के नागरिक सफीक खान के द्वारा बच्चों को उद्बोधन दिया गया और तत्पश्चात दयाराम मौर्य प्राचार्य के द्वारा भी बच्चों को आशीष बचन दिए गए। तत्पश्चात संजय कुमार बिजौले एवं मुनेश करैया और राकेश बरुआ के द्वारा सभी बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बच्चों शिक्षकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। इसमें सभी बालक विद्यालय के बच्चे कन्या विद्यालय के बच्चे माध्यमिक विद्यालय के बच्चे एवं तीनों स्कूलों के समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से मंच संचालन संजय बिजोले के द्वारा करवाया गया।

# जिला पटवारी संघ ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

## समस्याओं के निराकरण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में पटवारियों ने अपर कलेक्टर को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की। संकल्प से समाधान अभियान को लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया।

**नक्शा बटांकन को अभियान से अलग रखना**

पटवारी संघ ने मांग की है कि संकल्प से समाधान अभियान से नक्शा बटांकन के कार्य को दूर रखा जाए, क्योंकि इसमें तकनीकी जटिलताएं अधिक हैं। भूमि बंदोबस्त की मांग जिले में जल्द से जल्द भूमि बंदोबस्त कार्य कराया जाए। संघ का मानना है कि बंदोबस्त होने से प्रशासनिक सिस्टम को कार्य करने में अत्यधिक सुविधा होगी और त्रुटियों की संभावना कम हो जाएगी। निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा कि यदि शासन भूमि बंदोबस्त का कार्य संपन्न कराता है, तो इससे कृषकों के हितों का सही ढंग से संरक्षण हो सकेगा, जिससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त होगी और राजस्व कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, मनीष सैन, जितेन्द्र जादौन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी चयन ट्रायल 13 जनवरी से

**अशोकनगर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 13 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। विकासखंड स्तर अशोकनगर की चयन ट्रायल अशोकनगर के संजय स्टेडियम में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी हॉकी ,बॉक्सिंग ,एथलेटिक्स खो खो,टेबल टेनिस ,मलखंब ,कुश्ती ,जूडो शतरंज , वेटलिफ्टिंग ,फुटबाल ,वालीबाल क्रिकेट ,बैडमिंटन ,बास्केटबॉल ,टेनिस ,योग, कबड्डी, पिट्ठू, तैराकी, रस्साकसी की ट्रायल में सम्मिलित होना चाहते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करके एवं अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे मूलनिवासी ,आधार, जन्म प्रमाण पत्र ,फोटो आदि लेकर स्वयं उपस्थित होकर इस ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### खेत में करंट लगने से युवक की मौत

**पिपरई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खेत में पानी देते समय तार फेंसिंग में करंट आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एएसआई छगन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोली निवासी सतीश पुत्र शिवराज सिंह यादव, उम्र लगभग 30 वर्ष, पिपरई के शुभम चंचल जैन की ठेका की जमीन पर पानी दे रहा था। यह खेत प्रमोद जैन का है, जिसे शुभम चंचल जैन द्वारा ठेके पर लिया गया था। पुलिस के अनुसार खेत की तार फेंसिंग के पास से मुस्ताक खान की बिजली की डोरी डाली हुई थी, जिसमें कई स्थानों पर कट लगे हुए थे। इसी कारण करंट तार फेंसिंग में फैल रहा था। पानी देते समय जैसे ही सतीश ने तार फेंसिंग को हाथ लगाया, वह करंट की चपेट में आकर उससे चिपक गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### नवीन पाठ्यक्रमों को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**अशोकनगर।** नवीन पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के कुल 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वंय प्लेटफॉर्म पर नये पाठयक्रमों में पंजीयन किया । जनवरी 2026 सेमेस्टर के लिए स्वं; पोर्टल पर विद्यार्थियों हेतु कुल 973 नए पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें विभिन्न विषयों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पाठ्यक्रम भी सम्मिलित हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम चयन, पंजीकरण प्रक्रिया तथा क्रेडिट ट्रांसफर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय; की नोडल प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों से संबंधित उपयुक्त पाठ्यक्रमों के चयन पर विशेष जोर दिया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया।

### स्वामी विवेकानंद जी के मार्गों पर चलने का किया आह्वान

# जिले भर में हुआ सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्वामी विवेकानंद की जयतीं अशोकनगर जिले में जहां युवा दिवस के रूप में मनाई गई वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय से लेकर शालाओं में सूर्य नमस्कार और प्राणायाम के आयोजन हुए। जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह,नगपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

#### आकाशवाणी से हुआ कार्यक्रम का प्रसारण

सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी द्वारा किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के सामूहिक गान हुआ। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के संदेश का प्रसारण किया गया।



#### युवा दिवस पर कलेक्टर ने स्कूली छात्र-छात्राओं से किया संवाद

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद स्कूल अशोकनगर में कलेक्टर आदित्य सिंह ने स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सुनहरे भविष्य के लिए अभी से दिशा तय करें। जिससे उज्जवल भविष्य के नई ऊंचाईया प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियां भी जरूरी है। जिससे स्वस्थ शरीर एवं मानसिक वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि हमे कुछ नया सीखने की इच्छा शक्ति जागृत रखे। साथ ही पढ़ाई के दौरान दिनचर्या पर विशेष ध्यान रखे। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के समय अपने समय को कैसे मैनेजमेंट किया जाए,कैसे तैयारी की जाए, अपने आप को कैसे कंट्रोल करें जिससे परीक्षा के समय कोई परेशानी ना हो। उन्होंने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को पूछे गये सवालों का जबाव दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक महेश श्रीवास्तव, प्राचार्य कल्पना श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

#### शाढ़ौरा में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ

स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का। शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विवेकानंद के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों एवं जीवन यापन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया, जिससे विद्यार्थियों में उनके प्रति श्रद्धा और प्रेरणा जागृत हुई। मुख्य आकर्षण सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योग मुद्राओं का सामूहिक अभ्यास रहा।विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाएं एवं योग मुद्राएं सिखाईं तथा उनका अभ्यास कराया।

#### शास. महाविद्यालय पिपरई मे युवा दिवस मनाया गया

शासकीय महाविद्यालय पिपरई में युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 9:15 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की जनभागीदारी सदस्य रिटा. शिक्षक योग गुरु मोतीलाल धाकरे ने योग दिवस के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिये प्रेरित किया इस अवसर पर संस्था के क्रीडा अधिकारी डॉ सोमेश्वर चैबे द्वारा सूर्य नमस्कार के समस्त सोपानों को क्रमबद्ध रूप से करवाये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिल कुमार, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. संतोष कुमार चैहान, मुकेश बाबू व आउटसोर्स कर्मचारी एवं लगभग 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दो पड़ोसियों में खूनी संघर्ष, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे के मंडी मोहल्ला में रविवार शाम को दो पड़ोसियों में मामूली बात पर विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष से एक युवक दीपक खटीक ने दूसरे पक्ष के एक युवक इंद्रपाल वंशकार पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया जिससे इंद्रपाल के शरीर में कई गहरे घाव हो गए। इस हमले से नाराज इंद्रपाल के परिजनों ने लाठियों से हमला कर दीपक के हाथ पैर तोड़ दिए। दोनों पक्षों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि आदतन अपराधी दीपक खटीक ने मामूली रोकटोक पर अपने ही पड़ोसी इंद्रपाल वंशकार पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में इंद्रपाल की जांघ में गहरा घाव हो गया। जैसे ही इसकी जानकारी इंद्रपाल के परिजनों को मिली तो उन्होंने दीपक को घेरकर लाठियों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे दीपक भी बुरी तरह घायल हो गया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस ने इंद्रपाल की शिकायत पर आरोपी दीपक एवं उसके पिता दिनेश पर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के दीपक की शिकायत पर आरोपीगण इंद्रपाल, अवतार, मोहर सिंह और देशराज वंशकार पर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर पालिका ने लगाया शिविर




**अशोकनगर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र अशोकनगर में सोमवार को वार्ड क्रमांक 15 रघुनाथ धाम मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं रीना मनोज शर्मा उपाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की 106 सेवाओ संबंध में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास की अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही पार्षद विपिन शिवहरे गोपाल ओझा, धर्मेंद्र रघुवंशी, मनोज शर्मा, सतपाल लोधी उपस्थित रहे।

#### 30 नवीन महिला सदस्यों ने भी की सहभागिता

## सर्व ब्राह्मण महिला शक्ति संगठन की नई कार्याकरिणी ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में सर्व ब्राह्मण महिला शक्ति संगठन द्वारा नवीन कार्यकारिणी शपथ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें संगठन के द्वारा पूर्ण सक्रियता के साथ काम करने की प्रतिबद्धता का पालन करने बात की गई।

इसी कार्यक्रम में संगठन ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया सभी को अपने अपने दायित्व निर्वहन हेतु शपथ दिलवाई गई साथ ही इस शपथ समारोह मैं शहर से लगभग 30 नवीन महिला सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज उपाध्याय एवं मार्गदर्शिका के रूप में साधना, शर्मा उमा ,डॉ रजनी शुक्ला, वंदना कन्हौंआ, पूर्व अध्यक्ष राखी तिवारी पूर्व सचिव रुचि शर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष वंदना पाराशर एवं नवीन कार्यकारिणी में अंजना दुबे को अध्यक्ष पद पर घोषित किया गया। साथ ही सचिव पद पर वंदना पाराशर कोषाध्यक्ष रीना बिधौलिया उपाध्यक्ष रानी राजोरिया एवं रुचि शर्मा एवं पीआरओ मोनिका उपाध्याय, रीता बिरथरे एवं मीडिया प्रभारी मोनिका पाठक को दायित्व की घोषणा की गई। शपथ समारोह के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम पंजाबी नृत्य अर्चना उपाध्याय, शिवकुमारी शर्मा, कीर्ति शर्मा रुपाली शर्मा, ममता शर्मा, सीमा शर्मा द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।





### अशोकनगर व थूवोनजी कमेटी ने गोलाकोट पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**अशोकनगर।** जिले की सीमा पर स्थित गोलाकोट तीर्थ क्षेत्र पर विराजमान राष्ट्र संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराजन से अशोकनगर और थूवोनजी क्षेत्र कमैटी के प्रतिनिधि मण्डल ने आर्शीवाद प्राप्त किया और क्षेत्र विकास संबंधी मुद्धों पर चर्चा की। अशोकनगर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि जिले की सीमा पर स्थिति अति प्राचीन तीर्थ क्षेत्र गोला कोट तीर्थ खनियांधाना में होने वाले श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के लिए अशोकनगर जैन समाज एवं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी तैयार है। परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य का हमें भरपूर लाभ मिला आने वाली 20 तारीख से होने वाले महा महोत्सव के लिए रेल मार्ग से आने वाले यात्रियों को सुविधा अशोकनगर स्टेशन से रहेगी वहीं जैन समाज थूवोनजी कमेटी आपके स्वागत है तैयार खड़ी है। इस दौरान गोला कोट तीर्थ पर भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य जैन पंचायत के सदस्य नवीन ठेकेदार देवेन्द्र जैन सहित अन्य भक्तों को मिला। इस दौरान पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने अंचल से सैकड़ों भक्तों का समूह पहुंचे। इस दौरान अशोकनगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास राजेश कक्का विनोद मोदी राजीव चन्देरी मनोज जैन लोकेश पीरोट नवीन सर ठेकेदार सहित अन्य सैकड़ों भक्तों ने परम पूज्य मुनि श्री को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ई-टोकन के लिए लम्बा इंतजार समितियों के पास फ्रीज पड़ा यूरिया

### 90 प्रतिशत आपूर्ति हो चुकी फिर भी खाद के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




बहादुरपुर में बीते शुक्रवार से क्षेत्र में खाद वितरण के लिए ई टोकन प्रणाली लागू हो गई है। जिस किसान को खाद चाहिए पहले उसे कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर ई टोकन बुक कराना होता है। चूंकि अधिकांश किसान इस प्रक्रिया को स्वयं पूरा करने में सक्षम नहीं है, इसलिए वह कम्प्यूटर सेंटरों पर पहुंच रहे हैं। जहां उन्हें ई टोकन बुक करने के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है।

सोमवार को इकोदिया निवासी किसान राजप्रताप सिंह दांगी एक कंप्यूटर सेंटर पर सुबह सात बजे से बैठे रहे लेकिन दोपहर दो बजे तक उनका ई टोकन बुक नहीं हुआ। कंप्यूटर सेंटर संचालक राकेश कोली ने बताया कि पहले तो किसान की फॉर्मर आईडी डालने पर एक दो निजी विक्रेताओं के नाम खुल रहे थे लेकिन बाद में एक भी नाम नहीं खुला। जिससे बुकिंग नहीं हो पाई। इसी तरह कंप्यूटर सेंटर संचालक लक्ष्य त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार से ई टोकन प्रणाली पर बुकिंग शुरू हुई है। देर रात को तो सर्वर सही से चल रहा है लेकिन दोपहर में एकदम से ठप्प पड़ जाता है। एक किसान की बुकिंग करने में कभी कभी एक घंटा तक लग रहा है। गीलारोपा की किसान फूल बाई ने बताया कि उन्हें केवल पांच बोरी यूरिया चाहिए लेकिन ऑनलाइन काम होने के कारण उन्हें कोई यूरिया नहीं दे रहा। घर का काम छोड़कर सोमवार को दिन भर कंप्यूटर सेंटर पर वह बैठी रहीं।

बीते शुक्रवार को क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति गदूली और ओंडेर पर 1110 बोरी खाद आ गया था। लेकिन दोनों ही समितियों के ऑनलाइन स्टॉक में इसकी एंट्री नहीं हुई। जिसके कारण वह खाद वितरण सोमवार को भी नहीं कर पाए। समिति प्रबंधकों का कहना है कि किसानों के फोन आ रहे हैं लेकिन उनके हाथ बंधे हैं। हालांकि, समिति प्रबंधकों ने दावा किया है कि एक बीघा में एक बोरी के हिसाब से क्षेत्र के 90 प्रतिशत किसानों को खाद की आपूर्ति पंद्रह दिन पहले ही हो चुकी है।


#### समितियों से केवल सदस्य ही ले सकेंगे खाद

नई प्रणाली के तहत अब समितियों से केवल सदस्य किसान ही खाद ले सकेंगे। क्षेत्र में जो समितियां चल रही हैं, उनमें से ओंडेर पर सबसे ज्यादा करीब सात सौ किसान पंजीकृत हैं। इस समिति के पास केवल 555 बोरी यूरिया है। समिति प्रबंधक दिलीप मरावी का कहना है कि इस बार तो सीजन पूरा हो गया है। आगामी खरीफ सीजन से व्यवस्था सही हो जाएगी। वहीं गदूली समिति पर 443 किसान हैं, इसके सहायक प्रबंधक रुपेश पाठक ने बताया कि 555 बोरी खाद रखा है, अभी स्टॉक ऑनलाइन नहीं होने से किसी भी किसान को खाद नहीं दिया।

#### दो मुददों पर सदस्यों के बीच हुई बहस

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के अध्यक्ष अजयप्रताप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओं राजेश जैन और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कईं मुददों पर चर्चा भी हुई तो दो मुददों पर बहस भी होती देखी गई।

जब जिला पंचायत के विषय क्रमांक 20 में प्रश्न जिला पंचायत सदस्य बाईसाहब यादव ने पूर्व में सदन को अवगत कराकर ग्राम पंचायत खानपुर के विकलांग हितग्राही को ट्राई साइकिल प्रदान किए जाने हेतु कहा था उप संचालक सामाजिक न्याय ने इस पर जबाव देते हुए जब सदन को अवगत कराया कि दिव्यागों के लिए चिन्हांकित सामग्री उपलब्ध हो गई है कुछ सामग्री उपलब्ध होना हैं परन्तु महाराज साहब के फोन आने के कारण अभी यह सामग्री वितरण नहीं की गई है। जब शिविरों का आयोजन होगा तब होगी। इस बीच जिला पंचायत के सदस्य एवं कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिह यादव ने कहा कि कौन महाराज जिनके कारण दिव्यागों को सामग्री वितरित नहीं की जा रही, क्या वह 6 माह नहीं आएगे तो क्या 6 माह तक दिव्यागों को सामग्री वितरित नहीं की जाएगी। इसी बीच जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है जो सामग्री आई है वह कंपनियों द्वारा असंबल नहीं की गई। दिव्यागों को सामग्री प्रदान करने से पूर्व सामग्री का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इसी दौरान ग्राम पंचायत मोहरी राय में लग रहे पशु हाट बाजार को लेकर भी बहस होती हुई देखी गई। कईं सदस्यों का कहना था कि ग्राम पंचायत में लगने वाले पशु हाट बाजार से प्राप्त राजस्व पंचायत को ही मिलना चाहिए। तब नगरपालिका द्वारा राजस्व कैसे प्राप्त किया जा रहा है, नगरपालिका से आए प्रतिनिधि ने जबाव से संतुष्ट नहीं होने पर जिला पंचायत के सीईओ ने कहा कि इसका जबाव देने के लिए नगरपालिका के सीएमओ को स्वयं आना चाहिए था।

#### सोशल मीडिया से हुई दोस्ती फिर हुआ दोनों लड़कियों में प्यार


# प्यार में इतनी दीवानी की जेंडर ही चेंज करवा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

**अपने प्यार को पाने के लिए चार साल की दिन रात मेहनत, पैसे जुटाए और फिर नैन्शु ने अपना जेन्डर चेंज करवाकर बनी नमन**

कस्बे से मात्र चार किलो मीटर दूर ग्राम बरखेड़ा में अजीबो गरीब वाकया सामने आया है। बरखेड़ा पिपरई निवासी नैन्शु उम्र 25 वर्ष बचपन से ही लड़के जैसे शोक पहनावा भी लड़कों जैसा ही पसंद था। सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में फ्रेंडशिप अनीता रेजवार से होती है। देखते ही देखते यह दोस्ती धीरे धीरे दीवानगी में बदल जाती है ओर दोनों ही एक दूसरे से बिल्कुल अलग नहीं रहना चाहते थे। जिसके बाद नैन्शु ने अपना जेन्डर चैंज करवाकर और अब वह नमन सूर्यवंशी बन गया है।

नैन्शू ने बताया कि अनीता से मुलाकात के बाद वह अपने आप को रोक नहीं पाई और असम अपने प्यार से मिलने पहुंच गई।ओर दोनों असम में चार दिन रहे। जब नैन्शु ने अनीता को बताया कि में तुमसे प्यार करने लगी हूं। तब अनीता ने कहा यह संभव नहीं है अपन दोनों लड़की हैं और मेरे परिवार वाले राजी नहीं होंगे। तब दोनों ने एकबार फिर सोशल मीडिया का सहारा लिया और उस पर



अपना जेंडर चेंज करवाने का मन में आया ओर रिसर्च किया। डाक्टर से अप्वाइमेंट लिया तब दोनों ही असम से घर से भाग कर डाक्टर के पास पहुंचे और डाक्टर ने बताया कि आपके जेंडर चेंज करने में पांच लाख का आपरेशन ओर एक लाख दवाई खर्च होगा।

दोनों ही अत्यंत गरीब परिवार से होने के कारण इतना पैसा कैसे जुटा पाएं। पर प्यार की दीवानी हद से ज्यादा गुजर चुकी थी और दोनों ने अपने प्यार को पाने के लिए ठाना कि हम पैसा इकठ्ठा करेंगे और काम की तलाश में इंदौर पहुंच गए। नैन्शू अहिरवार पड़ी लिखी



थी उसने एम.ए और कम्प्यूटर में पीजीडीसीए किया हुआ था उसको ज्यादा परेशानी नहीं हुई ओर प्रायवेट बैंक में नौकरी मिल गई। अनीता आठवीं तक ही पढ़ी थी पर प्यार का जुनून हावी था। उसको भी एक प्रायवेट कंपनी में जॉब मिल गई ओर दोनों ने दिन रात मेहनत कर चार साल में पैसे इकठ्ठा किए और दिल्ली पहुंचकर नैन्शू ने अपनी सर्जरी करवाई और वह अब नमन सूर्यवंशी बन गया। अभी दोनों ही ग्राम बरखेड़ा में हे ओर वह जल्दी ही शादी के बंधन में बंधेंगे। नमन सूर्यवंशी ने बताया कि जैसे ही परिवार वालों को जानकारी लगी तो पहले बहुत गुस्सा हुए। पर मेरी बड़ी वहीं नीतू ने बहुत साथ दिया और सर्जरी के समय भी साथ रही। अब परिवार वालों को हमने पूर्ण रूप से मना लिया। अब सब खुश हैं।

#### इनका कहना है

नैन्शू से बनी नमन सूर्यवंशी ने कहा कि मेरे घर वालों में सिर्फ अभी मेरी दीदी को बता दिया है। उन्होंने भी विरोध किया पर वह मान गई। मैं नमन से बहुत प्यार करती हूं ओर हम दोनों एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते और हम डॉक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं, जल्दी कोर्ट मैरिज करेंगे।

**अनीता रैजवार**

जब हमने सुना तो सब बहुत नारज हुए, पर किसी के भी माता पिता हों अपनी औलाद की खुशी में ही अपनी खुशी मानते हैं। उनको मैने समझाया तो सब मान गए है मम्मी को एक बेटा ओर बहू मिल गए,मुझे एक भाई और भाभी मिल गए।

**नमन** की बड़ी बहन नीतू।

### मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन, सारंगपुर में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित

# युवा संगम रोजगार मेला : 92 कंपनियों ने 10 हजार 112 बच्चे किए चयनित, 5 जिलों की युवाशक्ति हुई शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। साथ ही वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सूक्ष्म लघू मध्यम उद्यम एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में सीहोर, शाजापुर, गुना एवं आगर-मालवा के इस युवा संगम रोजगार मेले के लिए सभी को बधाई एवं प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मेले में 125 से अधिक कंपनियां सम्मिलित हुई हैं और 16 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही, वहीं दिव्यांग भाई-बहनों की उपस्थिति सबसे अधिक प्रसन्नता देने वाली है, क्योंकि उन्हें सामान्य जनों से अलग कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नौकरी केवल नियुक्ति नहीं, बल्कि एक सपना होती है। युवाओं को रोजगार पाने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार देने वाला बनना चाहिए। यह मेला स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के निरंतर अवसर : डॉ. सोलंकी**

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने और उन्हें रोजगार देने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर या इंजीनियर बने और सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियों की संख्या सीमित होती है, फिर भी हमारी सरकार ने 1 लाख 80 हजार लोगों को रोजगार प्रदान किया है। युवाओं को हतोत्साहित न होने की सलाह देते हुए उन्होंने अपना उदाहरण साझा किया कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने 13 साल तक मोटर वाइंडिंग का काम किया, फिर पीएससी से प्रोफेसर बने और आप सभी के विश्वास से सांसद बने।

**कौशल ही सफलता की कुंजी, हतोत्साहित न हों युवा : राज्यमंत्री टेटवाल**

*राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने कहा कि मेले में बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हुई हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 20 हजार युवाओं तक पहुंच बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद एवं अभिनंदन किया तथा विशेष रूप से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले दिव्यांग भाई-बहनों का हृदय से अभिनंदन किया। युवाओं को जब कौशल विकास का अवसर मिलता है तो विकास के नए आयाम खुलते हैं। कौशल और हुनर को आजीविका से जोड़ना अनिवार्य है। आईटीआई व पॉलिटेक्निक जैसे कार्यक्रम स्किल डेवलपमेंट की मजबूत नींव हैं। हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने। मध्यप्रदेश का युवा प्रतिभाशाली है, उन पर पूरा विश्वास है।*

**8 कंपनियां दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार के लिए कटिबद्ध : कलेक्टर**

*उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने इस आयोजन से प्रेरणा ली है और आगे भी रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कंपनियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कंपनियों की जो उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उससे कहीं अधिक कंपनियां यहां सम्मिलित हुई हैं और बड़ी संख्या में युवाओं का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बताया कि 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, कंपनियों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं का अभिनंदन एवं धन्यवाद किया।*

### 15 लाख का बजट हुआ था स्वीकृत

# गुणवत्ताहीन बन रहा सामुदायिक भवन



**लखनवास।** सामुदायिक भवन की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गए हैं। जहां पर रेत की जगह डस्ट वाली चूरी का उपयोग किया जा रहा है और जिम्मेदारों ने खामोशी साध ली है। सीमेंट में डस्ट मिलाने से दीवारें अंदर से खोखली रह जाती हैं जो भविष्य में किसी हादसे को न्योता दे सकती हैं। निर्माण कार्य में ईंट घटिया और कच्ची पीली ईंटों का ढेर लगा है। हाथ से दबाने पर ही चूरा हो जाने वाली इन ईंटों से सामुदायिक भवन की मजबूती पर सवालिया निशान लग गया है। 15 लाख के बजट में ठेकेदार द्वारा ऐसी सामग्री का उपयोग सीधे तौर पर सरकारी धन की बंदरबांट की ओर इशारा करता है। अब देखना है कि क्या प्रशासन इन घटिया ईंटों और डस्ट के मिश्रण पर कोई कार्रवाई करता है या इसे ऐसे ही नजरअंदाज किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

हम धूल वाली चूरी नहीं लगाने देंगे उसको हटवा देंगे। गुणवत्ताहीन काम नहीं होने देंगे।

प्रवीण, एसडीओ
जनपद पंचायत ब्यावरा

## जल सप्लाई टंकी की सफाई करवाई

**जीरापुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस आदेश का पालन करते हुए नगर परिषद ने प्रत्येक जल स्रोत ओवरहेड टैंक एवं फिल्टर प्लांट की प्रति 3 माह में साफ सफाई कार्य करने तथा आइल पेंट से अंकित करना एवं समय समय पर फिल्टर प्लांटो का निरीक्षण कार्य संपादित किया जाएगा। जलप्रदाय सप्लाई के समय जल परीक्षण, पाइपलाइनों के लीकेज की दुरुस्ती, वॉल चेम्बरो की साफ सफाई कार्य व्यवस्था को गंभीरता से लेते सीएमओ हरीओम शर्मा ने कर्मचारियों को आदेश जल शाखा के समस्त कर्मचारी को दिए। इस तारतम्य में जलप्रदाय आवास स्थित साढ़े चार लाख लीटर पानी की टंकी की अंदर से सफाई करवाई। बाहर पुताई पेंट करवाया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली गईं महापुरुष व वीरांगनाओं की झांकियां



**ब्यावरा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका काम्पलेक्स स्थित स्वामी विवेकांनद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश शर्मा एसडीओपी ब्यावरा संस्था के डायरेक्टर शिवम चंद्रवंशी महिमा वर्मा, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, नेहा शर्मा, सीमा त्रिपाठी ,कविता नामदेव, संजय सक्सेना उपस्थित रहे। इसके बाद चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह का प्रारंभ जिओ मार्ट ब्यावरा से किया गया।

इस चल समारोह में विभिन्न महापुरुष एवं वीरांगनाओं की झांकियां की प्रस्तुति दी गईं। जिसमें स्वामी विवेकानंद, मां शारदा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, दयानंद सरस्वती, राजा राममोहन राय, सरोजिनी नायडू,आर्यभट्ट, गोस्वामी तुलसीदास, चाणक्य, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, महात्मा गांधी, सिस्टर निवेदिता,भारत माता, विवेकानंद, कल्पना चावला, किरण बेदी, इंदिरा गांधी, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, माता गुजरी, रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई, जीजा माता नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, तात्या टोपे, टांटिया भील, भगवान बिरसा, मुंडा राणा पूंजा, आदिवासी नृत्य, दिवंगत डायरेक्टर स्वर्गीय रामदयाल वर्मा नगर के प्रमुख मार्ग पर चल समारोह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा मुल्तानपुरा में किया गया।

# तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी अनुसार माचलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलखेड़ा निवासी जितेंद्र पिता लक्ष्मण माली (22 वर्ष) एवं घनश्याम पिता कैलाश (20 वर्ष) सारंगपुर में आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में रोजगार की तलाश में बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर के समीप खासपुरा जोड़ पर एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र माली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं दूसरी घटना में लिमचैहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दयाखेड़ी की है। यहां फूल सिंह पिता गोकुल भिलाला (31 वर्ष) की दयाखेड़ी रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। तथा तीसरी घटना सारंगपुर थाना क्षेत्र की है, जहां शिवानी पिता मुकेश प्रजापति (16 वर्ष) की घर में करंट लगने से मौत हो गई।

**स्वामी विवेकानंद स्कूल में विराजित की गई प्रतिमा**

# जयपुर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्वामीजी की प्रतिमा लोकार्पित

**राजगढ़।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर नगर के स्वामी विवेकानंद स्कूल में महापुरुष की प्रतिमा का विराजित करते हुए उसका लोकार्पण किया गया। जयपुर के कलाकारों निर्मित इस प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्वामीजी के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों एवं पहलुओं से अवगत कराया गया।

इसके साथ ही स्वामीजी के जीवनवृत्त को संगीतमय माध्यम से बच्चों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अमित शाहा ने बच्चों को एक साधारण बालक नरेंद्र के स्वामी विवेकानंद बनने तक के सफर के प्रेरणादायी संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर न केवल स्कूल के छात्र-छात्राएं



बल्कि कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। शाला की उप-प्राचार्या श्वेता व्यास ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय संचालक देवेंद्र जैन एवं प्रीति जैन ने सभी को स्वामीजी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**महाविद्यालय में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम**

स्वामीजी की जयंती के अवसर पर स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरान्त कॉलेज परिसर से खिलचीपुर नाके तक एक जागरुकता रैली आयोजित की गई। इसके उपरान्त युवा उद्यमियों के उद्धबोधन उपरान्त नवीन बिल्डिंग के पुस्तकालय में स्वामीजी की जीवनयात्रा पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



## पानी की जांच के लिए वार्डों में पहुंची टीम

**ब्यावरा।** नगर परिषद खुजनेर ने पानी की शुद्धता की जांच करने के उद्देश्य से सोमवार को एक टीम बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की जांच का बीड़ा उठाया। इस दौरान जांच टीम ने हर एक वार्ड में जाकर पानी का पीएच व अन्य रासायनिक जांच की। इस दौरान वार्डों में सप्लाय किए जाने वाले पानी की शुद्धता सही मापी गई। वहीं नगर परिषद के सीएमओ कृष्णकांत शर्मा भी इस दौरान अपनी टीम के साथ रहे। वहीं परिषद के भूपेन्द्र लोहिया, शाहीन कुरैशी, अमित यादव व अन्य लोग मौजूद रहे। नगर परिषद खुजनेर सीएमओं ने प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की समय समय पर जांच करने की बात पर जोर देते हुए उसे क्रीयान्वित करने के निर्देश भी दिए।

### जिला स्तरीय आयोजन के बाद राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# मेघवाल जांगड़ा समाज ने रैली निकाल दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समाजिक उत्थान, एकजुटता और समाज पर हो रहे विभिन्न अन्याय एवं अत्याचारों के विरोध में मेघवाल, जांगड़ा समाज द्वारा मुख्यालय पर जिला स्तरीय शांतिपूर्ण प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगल भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले भर के समाजजन एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने बिखर रहे समाज को एकसूत्र में पिरोने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एकस्वर में कहा कि जब तक हम कुरीतियों को नहीं त्यागेंगे और शिक्षा को बढ़ावा नहीं देंगे तब तक समाज प्रगति नहीं कर पाएगा। हमें उस समाज का निर्माण करना है जिसकी परिकल्पना बाबा साहब भीमराम अंबेडकर करके गए थे।



**निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन**

मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम उपरान्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाजजनों ने एक रैली का आयोजन किया। यह रैली बाईपास होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी ने राज्यपाल के नाम 25 सूत्रीय विभिन्न मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। संघटन कोर कमेटी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में निवासरत समाजजनों के साथ हुए विभिन्न अपराधों, अन्याय के मामलों की सूक्ष्मता से जांच एवं त्वरित कार्यवाही के साथ ही अन्य मांगे रखी गईं। उन्होंने बताया कि यदि उनकी मांगों एवं समस्याओं पर शासन, प्रशासन एक माह में निराकरण नहीं करता है तो समाज को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# खुजनेर में चंदन चोरों का आतंक किसान के खेत से चंदन पेड़ चोरी



**खुजनेर।** जहां एक ओर कड़ाके की ठंड, बिजली की समस्या और आर्थिक परेशानियों से किसान जूझ रहे हैं। वहीं अब चंदन चोरों का गिरोहों किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ताजा मामला खुजनेर क्षेत्र के बखेड रोड स्थित एक खेत का है, जहां अज्ञात चोरों ने चंदन की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार बखेड़ रोड पर स्थित किसान राधेश्याम के खेत से 10 जनवरी की बीती रात अज्ञात चोर चंदन का पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। जब किसान राधेश्याम 11 जनवरी की सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो वहां चंदन गायब देख वे अचंभित रह गए। किसान ने बताया कि रात के अंधेरे में चोर चंदन काटकर ले गए, जिसकी जानकारी उन्हें सुबह खेत पहुंचने पर लगी किसान राधेश्याम ने बताया कि इससे पहले भी खुजनेर क्षेत्र में कई किसानों के खेतों से चंदन चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक चोरों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन विधायक मोहन शर्मा के मुख्यआथित्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना ने 0 अतिथियों का स्वागत किया। सूर्य नमस्कार शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लाइव प्रसारण विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधि को दिखाया गया।जीसमें स्वामी विवेकानंदजी का उद्बोधन एवम मुख्यमंत्री के संदेश वाचन दिखाया गया। इसके पश्चात विकास खण्ड के योग प्रशिक्षक अरूण शर्मा एवम राजेश शर्मा के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सूर्य नमस्कार एवम प्राणायाम किया गया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों को बताते हुए उनके आदर्शो को अपनाने एव स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद सूर्य नमस्कार को प्रतिदिन अपनाने को कहा। इस दौरान खेल प्रशिक्षक प्रभातकांत शुक्ला एवं जीतेन्द्र सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला,संभाग, राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त की उन्हें अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया।

## 'राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए'

**ब्यावरा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी द्वारा ग्राम भाटपुरा एवं ग्राम निवानीया में पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत के लोगों के साथ मिलकर पटवारी एवं पंचायत सचिव को मनरेगा को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग कि गई कि स्व. डॉ मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण किसान, मजदूर के लिए रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधित कानून यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून है वह प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के अंतर्गत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है अन्यथा सरकार को बेरोजगारी भत्ता देना पड़ेगा। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा किया गया संशोधन इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए संशोधनों पर पुनः विचार करने व मजदूरों के हित में मनरेगा योजना पूर्व अनुसार ही लागू करने संबंधी सलाह देने की कृपा करें।

**विधायक दांगी ने बोले इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं**

# जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन, बबलू इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल मुकाबलों में पहले सेमीफाइनल में मेलुखेड़ा वर्सेज लगान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें लगान टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बबलू इलेवन वर्सेज सरकार इलेवन के बीच मुकाबले में बबलू इलेवन ने जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची।

फाइनल मुकाबला लगान वर्सेज बबलू इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बबलू इलेवन ने शाहरुख शाह के शानदार 99 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 142 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लगान टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 8 ओवर में 131 रन ही बना सकी। इस



प्रकार बबलू इलेवन ने 11 रनों से जीत दर्ज कर सीजन 2 का खिताब अपने नाम किया। आयोजक अश्विन पंडित, भगवान सिंह मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, हनुमान पाटीदार, राम दांगी, पवन कुशवाह, पार्षद शिव मंडलोई, मुकेश पुष्पद ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। जीरापुर प्रीमियर लीग जैसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। संचालन खेल शिक्षक अरविंद बंसल ने किया। टूर्नामेंट में



गोलू सक्सेना, शकील खान, अकील खान, अश्विन पंडित, सत्यार्थ शर्मा, कृष्णवल्लभ लाला पाटीदार, भगवान सिंह, अफियास खान, पुनीत भावसार, सुजान गुर्जर, लक्ष्मण बना, बाबू मालवीय, महेंद्र ठाकुर, दिलशाद अली, देवा गुर्जर, परवेज खान सहित दर्शक उपस्थित रहे।